भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 1520

उत्तर देने की तारीख - 09/02/2026

तेलगांना में पीएम पीएम श्री विद्यालय

†1520. श्री अरविंद धर्मापुरी:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में स्वीकृत पीएम श्री विद्यालयों की संख्या कितनी है और उनके चयन के लिए विशेषकर तेलंगाना में जिला-वार, क्या मानदंड प्रयुक्त किए गए हैं;
(ख) क्या पीएम श्री विद्यालयों में अधिगम संबंधी परिणाम और डिजिटल अभिग्रहण गैर-पीएम श्री विद्यालयों या उन्नयन-पूर्व आधारभूत स्तर की तुलना में बेहतर हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का तेलंगाना में, विशेषकर ग्रामीण और आकांक्षी जिलों में, पीएम श्री विद्यालय योजना का विस्तार करने का विचार है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क): प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसका उद्देश्य देश भर में 14,500 से अधिक स्कूलों को सुदृढ़ करना है, जिनमें से 13,076 स्कूलों को केविस. /नविस./एनसीईआरटी के साथ 33 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पीएम श्री स्कूलों के रूप में चुना गया है। इनमें से 794 पीएम श्री स्कूलों का चयन तेलंगाना राज्य से किया गया है। तेलंगाना राज्य में पीएम श्री स्कूलों की संख्या की जिलेवार सूची **अनुलग्नक**-I में संलग्न किया गया है।

पीएम श्री योजना के तहत स्कूलों का चयन करने के लिए सरकार द्वारा अपनाए गए मानदंड पीएम श्री फ्रेमवर्क की "चयन पद्धति" के तहत प्रदान किए गए हैं, जो https://pmshri.education.gov.in/assets/pdf/part1_pmshri.pdf. लिंक पर उपलब्ध हैं।

(ख): पीएम श्री योजना में डिजिटल शैक्षिक सामग्री के साथ-साथ आईसीटी प्रयोगशालाओं, स्मार्ट कक्षाओं, कंप्यूटर लैब, इंटरनेट सुविधा और डिजिटल पुस्तकालयों की स्थापना करके पीएम श्री स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को शामिल करने का प्रावधान है। दीक्षा जैसे प्लेटफार्मों का उपयोग शिक्षकों और छात्रों के बीच संसाधन-साझाकरण को सक्षम करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले डिजिटल शिक्षण संसाधनों का भंडार प्रदान करने के लिए किया जा रहा है।

इसके अलावा, पीएम श्री स्कूलों के छात्रों के अधिगम परिणामों से संबंधित डेटा को लिंक: https://dashboard.parakh.ncert.gov.in/en. पर देखा जा सकता है।

(ग) और (घ): पीएम श्री योजना के तहत, पूरे भारत में स्कूलों की कुल संख्या की ऊपरी सीमा के साथ प्रति ब्लॉक/यूएलबी अधिकतम दो स्कूलों का चयन किया जाता है। इसके अतिरिक्त, तेलंगाना राज्य से कुल 794 पीएम श्री स्कूलों का चयन किया गया है, जिनमें से 654 पीएम श्री स्कूल ग्रामीण क्षेत्रों से हैं और 50 पीएम श्री स्कूल आकांक्षी जिलों से हैं। ग्रामीण और आकांक्षी जिलों सहित पीएम श्री स्कूलों का जिलावार ब्यौरा पीएम श्री योजना की वेबसाइट की लिंक https://pmshri.education.gov.in/state. पर देखा जा सकता है।

*****

अनुलग्नक I

"तेलंगाना में पीएम श्री स्कूल" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री अरविंद धर्मापुरी द्वारा दिनांक 09.02.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1520 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

तेलंगाना राज्य में पीएम श्री स्कूलों की संख्या की जिलेवार सूची नीचे दी गई है:

क्र.सं.	जिले का नाम	पीएम श्री स्कूल की संख्या
1	आदिलाबाद	24
2	भद्राद्रि कोठागुडेम	24
3	हनुमाकोंडा	19
4	हैदराबाद	3
5	जगितियाल	20
6	जनगांव	15
7	जयशंकर भूपालपल्ली	8
8	जोगुलाम्बा गडवाल	22
9	कामारेड्डी	28
10	करीमनगर	22
11	खम्मम	28
12	कुमुराम भीम आसिफाबाद	18
13	महबुबाबाद	23
14	महबूबनगर	26
15	मंचेरियल	25
16	मेडक	31
17	मेडचल मल्काजगिरी	25
18	मुलुगु	11
19	नगरकुरनूल	27
20	नालगोंडा	43
21	नारायणपेट	19
22	निर्मल	20
23	निजामाबाद	40
24	पेद्दापल्ली	16
25	राजन्ना सिरसिला	16
26	रंगा रेड्डी	41
27	संगारेड्डी	44
28	सिद्दीपेट	33
29	सूर्यापेट	31
30	विकाराबाद	30
31	वानापर्थी	21
32	वारंगल	16
33	यदाद्रि भुवनगिरी	25
	कुल	**794**

*****